

GURUGRAM UNIVERSITY
गुरुग्राम विश्वविद्यालय
विद्या जीवनाय न तु जीविकाय

# UNIVERSITY INK


## Year-Ender 2024

*Department of Media Studies*

January - December 2024

# Glimpses 2024








































| | |
|---|---|
| Glimpses 2024 | **2** |
| MESSAGES | **3-4** |
| JANUARY | **6-9** |
| FEBRUARY | **10-13** |
| MARCH | **14-18** |
| APRIL | **19-23** |
| MAY | **24** |
| JUNE | **25** |
| JULY | **26-27** |
| AUGUST | **28-34** |
| SEPTEMBER | **35-38** |
| OCTOBER | **39-42** |
| NOVEMBER | **43-47** |
| DECEMBER | **48-49** |
| Glimpses 2024 | **50-51** |


# TABLE OF **CONTENTS**


TOWARDS EXCELLENCE
श्रेष्ठता की ओर

**Gurugram University,**
**Gurugram**

## Vice Chancellor, Message



It is with immense honour and excitement that I address all of you through this special edition of 'University Ink,' Year-Ender issue, a magazine that beautifully captures the vibrant journey of Gurugram University over the past year. This remarkable initiative, driven by the creativity and dedication of our students, stands as a testament to the dynamic spirit that defines our institution.

The past year has undoubtedly been transformative for the university, as highlighted in the impressive achievements documented in this magazine. From the ongoing developmentof a state-of-the-art campus to the introduction of new academic programs tailored to the demands of a rapidly changing world, Gurugram University has made commendable strides. These milestones reflect the collective efforts of our talented students, dedicated faculty, and hardworking staff, whose unwavering commitment has propelled the university toward excellence.

It is especially heartening to see how the university has created a holistic environment for growth. Through a range of seminars, workshops, and cultural events, the institution has offered enriching platforms for intellectual exploration and personal development. These opportunities not only enhance the learning experience but also strengthen the bonds within our diverse and thriving community.

What makes this edition of 'University Ink' truly special is that it reflects the voices and efforts of our students. By curating and chronicling the events and achievements of the past year, they have demonstrated outstanding leadership, creativity, and initiative. This magazine is not just a publication; it is a celebration of the talent, energy, and passion that make Gurugram University a unique and inspiring place.

As I step into the role of Vice Chancellor, I am filled with optimism for the future of this great institution. The upcoming inauguration of our new campus, the expansion of academic offerings, and our continued focus on research and innovation mark the beginning of an exciting new chapter. I am confident that the collaborative spirit and determination of our university community will lead us to even greater heights.
To the students, faculty, and staff who have contributed to this wonderful magazine, I extend my heartfelt congratulations. Your efforts in creating this publication are a source of pride and inspiration for all of us. Together, let us aim for even greater success as we move forward.
With my best wishes for a bright and prosperous year ahead,

**Prof. Sushil Kumar Tomar**
Vice Chancellor
Gurugram University

**Gurugram University, Gurugram**

## Dean, Academic Affairs Message



As we close another remarkable year at Gurugram University, it gives me immense joy to address you through this special edition of the Univeristy-Ink's 'Year-Ender' magazine. This magazine stands as a testament to the incredible vibrancy, talent, and collective spirit that define our university community. I extend my heartfelt congratulations to the editorial team and all the contributors for their hard work and dedication in bringing this project to life.

Our university prides itself on being a melting pot of diverse ideas, perspectives, and talents. The unique structure of our academic and extracurricular programs allows students from various disciplines to come together, collaborate, and create something extraordinary. This magazine exemplifies that ethos, showcasing how students from different streams can work collectively to achieve a common goal.

The pages of this magazine capture the essence of the year gone by—chronicling a wide array of events, seminars, and activities that have shaped our academic and cultural life on our campus. From thought-provoking lectures by industry leaders to groundbreaking research initiatives, from spirited cultural festivals to community outreach programs, the achievements highlighted here underscore the multifaceted growth of our university.

It is heartening to see students taking the initiative to document and celebrate these accomplishments. Such efforts are not only commendable but also crucial in creating a sense of pride and belonging among the university community. This magazine will serve as a lasting record of the milestones we have achieved together and inspire future batches to dream bigger and strive harder.

Reflecting on the year, I am particularly proud of several key achievements like our academic excellence where our students have continued to shine and earn accolades; our community engagement programes through Various student-led initiatives have made a tangible impact, whether through environmental sustainability projects, health awareness campaigns, rallies for voter-awareness or support for underprivileged communities. We have strengthened partnerships with universities and organizations worldwide enabling our students to participate in exchange programs and gain global exposure. The entrepreneurial spirit of our students, their innovation and creativity has flourished, with our startups and innovative projects emerging from our incubators.

Beyond these achievements, the sense of unity and collaboration within our university community has been the cornerstone of our success. It is this collective effort that has allowed us to overcome challenges and create an environment where everyone can thrive.

To the students who have poured their time and energy into this magazine, know that your work is invaluable. You have not only documented happenings of an year but also celebrated the essence of our university—its people, achievements, and aspirations. Your initiative exemplifies leadership, creativity, and commitment, qualities that will serve you well in all your future endeavors.

As we look forward to the coming year, I encourage all of you to continue pushing boundaries, embracing new opportunities, and contributing to the legacy of Gurugram University. Together, let us aim higher and achieve even greater milestones.

Wishing you all a prosperous and fulfilling year ahead.

**Prof. Neera Verma**
Dean, Academic Affairs
Gurugram University

Gurugram University,
Gurugram

Chairperson,
Department of Media Studies



यह पत्रिका आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत गर्व और प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। मीडिया अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों द्वारा हर महीने 'यूनिवर्सिटी इंक' समाचार पत्र प्रकाशित किया जाता है, जिसमें विश्वविद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाता है। इसी कड़ी में, यह 'ईयर-एंडर' विशेषांक एक और प्रयास है, जो पूरे वर्ष की महत्वपूर्ण घटनाओं और उपलब्धियों को समेटे हुए है। यह परंपरा न केवल विभाग की सक्रियता का प्रमाण है, बल्कि हमारे विद्यार्थियों की प्रतिबद्धता, रचनात्मकता और मेहनत का भी प्रतीक है।

पिछला वर्ष विभाग के लिए बहुत महत्वपूर्ण और उपलब्धियों से भरा रहा है। विशेष रूप से, हमारे विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित 'चित्र भारती फिल्मोत्सव (पंचकूला) में न केवल सक्रिय भाग लिया, बल्कि फिल्मोत्सव के आधिकारिक समाचार पत्र के प्रकाशन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतिष्ठित फिल्मोत्सव में विभाग के विद्यार्थियों द्वारा बनाई फिल्मों का प्रदर्शन हुआ, यह हम सभी के लिए हर्ष की बात है। यह सफलता हमारे विभाग के प्रयासों का परिणाम है और यह इस बात का प्रमाण भी है कि हम अपने शिक्षा और प्रशिक्षण में व्यावहारिक ज्ञान और कौशल को कितनी प्राथमिकता देते हैं।

'यूनिवर्सिटी इंक' के साथ ही विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए हमने इस वर्ष विभाग के "डिजी एकैडीमिया" और "यूनिवॉइस" यूट्यूब चैनल भी प्रारंभ किए हैं, जो मीडिया अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों द्वारा ही संचालित हैं। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए, विभाग ने इस वर्ष विज्ञापन और जनसंचार का नवीन पाठ्यक्रम भी शुरू किया है। ये पाठ्यक्रम मीडिया जगत के बदलते स्वरूप और छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। एक संकाय के स्तर पर भी, मानविकी संकाय ने हिन्दू अध्ययन, संस्कृत, योग, संगीत जैसे महत्वपूर्ण और गहन विषयों की शुरुआत की है।

इसके अलावा, इस वर्ष विश्वविद्यालय में आयोजित 'मॉडल यूनाइटेड नेशंस' (GUMUN) में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और संयुक्त राष्ट्र की कार्यशैली को करीब से समझा। इस प्रकार के आयोजन न केवल हमें वृहद शिक्षण जगत से जोड़ते हैं, बल्कि हमारी सामाजिक प्रतिबद्धता और गंभीरता को भी दर्शाते हैं। विश्वविद्यालय की मतदाता जागरूकता रैली, स्वच्छता अभियान जैसी पहल भी हमारे इसी दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती हैं।विश्वविद्यालय के सभी संकायों और विभागों की इस प्रगति को और उनकी उपलब्धियों को हमारे विद्यार्थियों ने इस पत्रिका में संजोने का कार्य किया है। इस संदर्भ में यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि यह पत्रिका हमारे समस्त गुरुग्राम विश्वविद्यालय परिवार की मेहनत, रचनात्मकता और एकता का प्रतीक है।
मैं इस प्रयास के लिए सभी छात्रों और संपादकीय टीम को हार्दिक बधाई देता हूं।आशा है कि इस पत्रिका को पढ़ते हुए आप सभी को बीते वर्ष की स्मृतियों और उपलब्धियों को जानने का उतना ही आनंद मिलेगा, जितना इसे संजोने में हमें मिला है।

शुभकामनाओं सहित,

प्रो. (डॉ) राकेश कुमार योगी,
अध्यक्ष, मीडिया अध्ययन विभाग
गुरुग्राम विश्वविद्यालय

# 'विकसित भारत @ 2047' के लक्ष्य पर परिचर्चा और संवाद



जनवरी 12: राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय में "विकसित भारत@2027" विषय पर परिचर्चा एवं संवाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्टॉरएक्स यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अशोक दिवाकर, राष्ट्र सेविका समिति की प्रान्त सह कार्यवाहिका प्रतिमा मनचंदा, सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश ग्रोवर ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर गुरुग्राम विवि. के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि "राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि आज के दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाया जाता है।" मुख्य वक्ता डॉ. अशोक दिवाकर ने स्वामी विवेकानंद का शिकागो के ऐतिहासिक भाषण पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रतिमा मनचंदा ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने के लिए कहा। उन्होंने यह भी कहा कि "युवाओं के भीतर असीम शक्ति है, उन्हें इसे पहचानना होगा और राष्ट्र की सेवा में लगाना होगा।" इस अवसर पर विद्यार्थियों में जागरूकता और प्रेरणा का संचार हुआ। भाषण प्रतियोगिता में हर्ष ने पहला, पूनम ने दूसरा और कपिल और पुलकित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया

# कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 12 विद्यार्थियों को मिला 6-6 लाख का शानदार पैकेज

जनवरी 9 : गुरुग्राम विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों का शानदार पैकेज पर चयन हुआ। इस मौके पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में देश की प्रसिद्ध कंपनी वेस्टर्न वर्ल्ड वीसा सर्विसेज प्रा. लि. ने विद्यार्थियों के चयन के लिए आए थे। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के कॉमर्स और इकोनॉमिक्स के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्लेसमेंट ड्राइव में छात्रों के चयन के लिए आए कंपनी के अधिकारियों द्वारा छात्रों का साक्षात्कार भी लिया गया। विद्यार्थियों ने पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ अधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए, परिणाम स्वरूप विश्वविद्यालय के कॉमर्स के 7 और इकोनॉमिक्स के 5 विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों में श्रेया, पूजा यादव, नेहा यादव, मुस्कान, रिया वर्मा, तन्नु, विद्याही, ज्योति यादव, सुश्मिता, अन्नपूर्णा यादव, प्रीति और शिवानी शामिल हैं। यह अवसर विद्यार्थियों के लिए गर्व का क्षण था और उनके भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। चयनित छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम देखा, जिससे उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई।

# मीडिया अध्ययन विभाग के 20 विद्यार्थियों ने किया एनडीटीवी इंडिया का दौरा



जनवरी 15: गुरुग्राम के मीडिया अध्ययन विभाग के बीस विद्यार्थियों ने एनडीटीवी इंडिया का दौरा कर सामाचार कार्यक्रम निर्माण की वास्तविक दुनिया का अनुभव प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने दो लोकप्रिय कार्यक्रमों, "हम लोग" और "वी द पीपल" में सक्रिय रूप से भाग लिया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के मेहमानों से राजनीति,सामाजिक न्याय और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जीवंत चर्चा की और महत्वपूर्ण सवाल पूछे। यह अनुभव विद्यार्थियों निस्सेदह मीडिया की निरंतर विकसित होती दुनिया में उनके भविष्य को आकार देगा।

# नए कैंपस में चलेंगे कॉमर्स एंड मैनेजमेंट कोर्स, हवन यज्ञ के साथ हुआ शुभारम्भ



जनवरी 15: गुरुग्राम विश्वविद्यालय के सेक्टर 87 स्थित नवीन परिसर में कक्षाओं का संचालन प्रारंभ हो गया। गांव कांकरौला में 46 एकड़ में बन रहे गुरुग्राम विश्वविद्यालय के नए कैंपस में हवन व मंत्रोच्चारण के साथ अध्ययन की शुरुआत हुई। फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के विद्यार्थियों की कक्षाओं का संचालन अब इस नए परिसर में हो रहा है। इस मौके पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह एवं विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि दोनों विभागों के 670 विद्यार्थी अब नए भवन में अध्ययन करेंगे ।

उन्होंने बताया को नए कैंपस में दोनों विभागों के विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर लैब, कैंटीन, पार्किंग, पुस्तकालय आदि की सुविधाएँ भी उपलब्ध होगी। इस मौके पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के प्रबुद्धजनों की विश्वविद्यालय प्रशासन का सहयोग देने हेतु सम्मानित किया गया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता देव प्रसाद भारद्वाज भी उपस्थित रहे।




# मीडिया विभाग के विद्यार्थियों ने 'आप की अदालत' में लिया भाग




जनवरी 16: गुरुग्राम विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध टीवी पत्रकार रजत शर्मा द्वारा होस्ट किए जाने वाले लोकप्रिय टीवी शो 'आप की अदालत' में भाग लिया। यह कार्यक्रम 21 जनवरी, 2024 को इंडिया टीवी पर प्रसारित किया गया। कार्यक्रम से पहले, विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की अतिथि, साध्वी ऋतंभरा से अनेक प्रासंगिक विषयों से जुड़े महत्वपूर्ण सवाल भी पूछे। विद्यार्थियों ने रजत शर्मा और साध्वी ऋतंभरा के साथ मंच पर बैठकर उनसे सवाल पूछे और उनके विचारों को समझने का प्रयास किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को मीडिया, समाज और राजनीति से जुड़े मुद्दों पर गहरी जानकारी प्राप्त करने का मौका मिला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने दृष्टिकोण को साझा किया और महत्वपूर्ण संवाद स्थापित किया। विद्यार्थियों ने कहा, "यह एक समृद्ध अनुभव था, जिससे हमें मीडिया और समाज के बीच के रिश्ते को समझने का मौका मिला।" एक अन्य छात्र ने कहा, "रजत शर्मा और साध्वी ऋतंभरा के साथ मंच पर बैठकर सवाल पूछने का अवसर मेरे लिए एक सपने जैसा था, और इससे मुझे संवाद की शक्ति को समझने में मदद मिली।" एक और विद्यार्थी ने साझा किया, "इस सत्र ने मीडिया और राजनीति के बीच संबंधों को बेहतर तरीके से समझने का अवसर दिया, और अब मैं अपने करियर को लेकर अधिक आत्मविश्वास महसूस करता हूं।"



# गुरुग्राम विवि में हुआ श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण



जनवरी 22: अयोध्या में रामलला प्राण- प्रतिष्ठा कार्यक्रम का जहां एक तरफ पूरा देश - विदेश साक्षी बना वहीं गुरुग्राम विवि के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भी इस ऐतिहासिक क्षण का सीधा प्रसारण गुरुग्राम विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में बड़ी स्क्रीन पर देखा । श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर गुरुग्राम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला । इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर को आकर्षक रंगोली एवं दीपमालाओं से सजाया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री बालकृष्ण एवं कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह द्वारा भगवान श्री राम की प्रतिमा के समक्ष दीपक जलाकर किया गया । इस अवसर पर 'राम आएंगे' गीत पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थी ऋषि शर्मा द्वारा दी गयी भक्तिमय प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरा सभागार राम धुन से गूंजने लगा। इस मौके पर गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने भगवान श्रीराम के जीवन तथा अयोध्या में श्रीराम मंदिर के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान राम हमारे आदर्श हैं।

# गुरुग्राम विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन

## *विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां*




जनवरी 26: गुरुग्राम विश्वविद्यालय में 75वां गणतंत्र दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने ध्वजारोहण किया और सुरक्षा कर्मियों, एनएसएस, एनसीसी, स्पोर्ट्स, कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह में भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम जी विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में खेल, एनएसएस, एनसीसी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने समारोह में भाग ले रहे शिक्षक, कर्मचारियों, विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम प्रणाम करते हैं देश के उन वीर शहीदों व महापुरुषों को जिनकी बदौलत आज हम 75वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में सभी के योगदान की सराहना की और विद्यार्थियों को देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।


# न्यूज़लैटर 'यूनिवर्सिटी इंक' के विशेष संस्करण का विमोचन

जनवरी 26: गणतंत्र दिवस समारोह में गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. दिनेश कुमार ने मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा प्रकाशित समाचार पत्र 'यूनिवर्सिटी इंक' के विशेष संस्करण का विमोचन किया । विधि और मानविकी संकाय के डीन प्रो. राकेश योगी के मार्गदर्शन में तैयार किया गया, यह संस्करण 2023 में विश्वविद्यालय के प्रमुख आयोजनों और उपलब्धियों का वर्णन करता है । 'यूनिवर्सिटी इंक' का यह विशेष अंक बीते वर्ष 2023 में विश्वविद्यालय की यात्रा का एक विस्तृत रिकॉर्ड है। विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट्स और तस्वीरों के साथ यह गुरुग्राम विश्वविद्यालय परिवार की सक्रियता का दस्तावेज है जो गुरुग्राम विश्वविद्यालय के लिए वर्ष 2023 को परिभाषित करता है ।



# राष्ट्रीय चित्र भारती फिल्मोत्सव में पुरस्कार स्पर्धा के लिए चुनी गई चार फिल्में










मीडिया अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों ने एक बार फिर से गौरवान्वित किया। विभाग के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित चार फिल्मों को हरियाणा के पंचकुला में आयोजित प्रतिष्ठित 5 वें चित्र भारती फिल्म महोत्सव में प्रदर्शन और पुरस्कार स्पर्धा के लिए चुना गया। यह महोत्सव सिनेमा की दुनिया में उभरती प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए जाना जाता है। चयनित फिल्में "नैना", "द लॉस्ट रिवर", "डिजिटल पैराडॉक्स" और " सशक्त आवाज" हैं। इन फिल्मों का 5 वें चित्र भारती फिल्म महोत्सव के लिए चयन विद्यार्थियों की प्रतिभा, समर्पण और रचनात्मकता का प्रमाण है। यह उपलब्धि न केवल विभाग के शैक्षणिक कार्यक्रम की उत्कृष्टता को दर्शाती है बल्कि सिनेमा की दुनिया में अपनी महत्वपूर्ण छाप छोड़ने के लिए उसके विद्यार्थियों की क्षमता को भी उजागर करती है।

# गुरुग्राम विश्वविद्यालय में दो दिवसीय प्रथम पुस्तक मेले का सफल आयोजन

## *40 प्रकाशकों की 25000 से अधिक पुस्तके प्रदर्शित की गयी*





जनवरी 30: गुरुग्राम विश्वविद्यालय के सभागार में दो दिवसीय प्रथम पुस्तक मेले का सफल आयोजन किया गया। इस मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा किया गया था। मेले का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने किया। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि पुस्तकों का अपना विशेष महत्व है, जी शोधार्थियों और पाठकों के लिए शोध और अध्ययन में विशेष रूप से उपयोगी होती हैं। पुस्तक प्रदर्शनी के आयोजक डॉ. विजय मेहता ने बताया कि दो दिन तक चलने वाले इस मेले में पुस्तक प्रेमियों को विभिन्न प्रकार के प्रमुख प्रकाशकों एवं वितरकों से 25 प्रतिशत तक की छूट दी गई। मेले में लगभग 40 प्रमुख प्रकाशकों एवं वितरकों ने अपनी स्टॉल लगाई। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने पुस्तक मेले का दौरा करते हुए कुछ किताबें खरीदीं। उन्होंने विभिन्न विषयों पर पुस्तकों का चयन किया, जो विश्वविद्यालय के शैक्षिक और अनुसंधान उद्देश्यों के लिए महत्वपूर्ण हैं। कुलपति ने पुस्तकों के महत्व को समझते हुए कहा कि ज्ञान की प्राप्ति का सबसे सशक्त माध्यम किताबें ही हैं और इनका संग्रह विश्वविद्यालय की अकादमिक प्रगति में सहायक होगा। उन्होंने पुस्तक खरीदते समय विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे भी पुस्तकें पढ़ने के महत्व को समझें और अपने ज्ञान को विस्तार दें। विभिन्न संकायों और विभागों के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भी इस पुस्तक मेले में उत्साह के साथ भाग लिया। यह मेले ज्ञान के प्रति समर्पण और शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने का एक उत्कृष्ट प्रयास था।

# ‘सारथी करियर समिट 2024’ का हुआ भव्य आयोजन

फरवरी 5: गुरूग्राम विश्ववविद्यालय ने भारत-तिब्बत सहयोग मंच, देवालय, रिपोर्ट जी के साथ मिलकर एक दिवसीय सारथी कैरियर समिट-2024 का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री इंद्रेश कुमार जी का मार्गदर्शन मिला। कार्यक्रम में 11 सत्र आयोजित किए गए जिनमें विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों ने हिस्सा लिया और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।कार्यक्रम में शामिल वक्ताओं में डॉ यशपाल यादव (चेयरमैन, सीडी ग्रुपऑफ स्कूल्स), सुश्री स्मृति मैनी (मनोवैज्ञानिक), सुश्री कलश शर्मा (मनोवैज्ञानिक), डॉ राजनेहरू (कुलपति, विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय), डॉ वीपी यादव(अध्यक्ष, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड), शिव सिंघल जी (निदेशक, देवल्या एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड), वरिष्ठ पत्रकार और लोकप्रिय टीवी एंकर दीपक चौरसिया, ज़ी न्यूज़ कंसल्टिंग एडिटर, कई लाइफस्टाइल इन्फ्लुएंसर और ब्लॉगर भी शामिल थे। करियर समिट में उद्योग जगत और शिक्षा जगत से जुड़े दो दर्जन से अधिक संस्थानों ने अपनी प्रदर्शनी भी लगाई। इस दौरान दिनभर में लगभग सात से आठ हज़ार विद्यार्थियों ने विभिन्न करियर संभावनाओं के बारे में जानकारी हासिल की। समिट का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि श्री इंद्रेश कुमार जी ने विद्यार्थियों को




विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की प्रेरणा दी। समिट की सफलता पर कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त की। करियर समिट में मनोरंजन की भी धूम रही। हरियाणा के सुप्रसिद्ध कलाकारों एमडी, सुभाष फ़ौजी, प्रिंसी, राहुल यादव फाजिलपुरियाा के परफॉर्मेंस ने विद्यार्थियों को अपने साथ झूमने पर मजबूर कर दिया और पूरा ऑडिटोरियम खचाखच भरा रहा। प्रसिद्ध रेडियो जॉकी खुराफ़ाती नितिन ने रोचक संवाद किया साथ ही विद्यार्थियों को अपने भविष्य को सुरक्षित करने केलिए उनका मार्ग-दर्शन भी कियाा।





# भारतीय चित्र साधना द्वारा एक दिवसीय वॉलिंटियर प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

7 फरवरी: गुरुग्राम। गुरुग्राम विश्वविद्यालय में भारतीय चित्र साधना द्वारा चित्र भारतीय फिल्म महोत्सव के आयोजन के लिए एक दिवसीय वॉलिंटियर प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में गुरुग्राम विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय दिल्ली, जेसी बोस विश्वविद्यालय फरीदाबाद, सेंट्रल यूनिवर्सिटी महेन्द्रगढ़ और एसजीटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया | प्रशिक्षण के उपरांत मीडिया अध्ययन विभाग के अनेक विद्यार्थियों को फिल्म महोत्सव में वॉलिंटियर के रूप में ‘फिल्म स्क्रीनिंग’, ‘समाचार पत्र के संपादन’ और ‘मंच संचालन’ की जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। इस वॉलिंटियर प्रशिक्षण वर्ग में चित्र भारतीय फिल्म महोत्सव के मार्गदर्शक श्री अनिल कुमार, आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेश कुमार, फिल्म निर्देशक, निर्माता, लेखक भारतीय चित्र साधना के सचिव श्री अतुल




गंगवार, टीवी पत्रकार राज चावला, डीन प्रो. राजेश कुमार योगी, प्रो. मीनाक्षी श्योराण और अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# नर्सिंग छात्रों की इंटर्नशिप और प्लेसमेंट को लेकर तीन अस्पतालों से करार

फरवरी 13: गुरुग्राम विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 से शुरू हो रहे बीएससी नर्सिंग कोर्सेस के विद्यार्थियों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई। गुड़गांव विश्वविद्यालय ने नर्सिंग छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और प्लेसमेंट को लेकर तीन अस्पतालों से करार किया है। इसमें जीयू ने सिविल अस्पताल, आरवी हेल्थकेयर प्रा. लि. और आर्टेमिस हॉस्पिटल के साथ एमओयू साइन किया है। एमओयू के तहत गुरुग्राम विश्वविद्यालय के बीएससी नर्सिंग कोर्सेस के विद्यार्थी गुरुग्राम विश्वविद्यालय में तीनों अस्पतालों से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय की ओर से अकादमिक मामलों के लिए डीन प्रो. सुशांत कुंडू और सिविल अस्पताल गुड़गांव की तरफ से सीएमओ डॉ. वीरेंद्र यादव, आरवी हेल्थकेयर के यूनिट हेड मार्केटिंग और सेल्स विनीत कुमार, आर्टेमिस हॉस्पिटल के यूनिट हेड मार्केटिंग असगर अली ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह अस्पताल गुड़गांव विश्वविद्यालय से बीएससी नर्सिंग कोर्स करने वाले छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण, छात्रों की इंटर्नशिप और प्लेसमेंट, कौशल विकास कार्यक्रम, संचार विकास, पाठ्यक्रम डिज़ाइन में सहायता करेंगे। इससे



विद्यार्थियों को नर्सिंग सेवाओं के नवीनतम विकास और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी मिलेगी। इसके तहत प्रौद्योगिकी रुझानों और स्वास्थ्य क्षेत्र की आवश्यकताओं पर गुड़गांव विश्वविद्यालय के छात्रों को अतिथि व्याख्यान देने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। यह अकादमिक और अनुसंधान सहयोग दोनों संस्थानों को करीब लाने की संभावना है। इस मौके पर प्रो. अभय यादव, प्रो. धर्मेंद्र कुमार, प्रो. धीरेन्द्र कौशिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# फिजियोथेरेपी विभाग में पहली एलुमनी मीट आयोजित हुई।

फरवरी 14: गुरुग्राम विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी विभाग द्वारा कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में पहली बार एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। इसमें फिजियोथेरेपी विभाग के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए अपने विद्यार्थी जीवन और करियर से जुड़े अनुभवों को नए छात्रों के साथ साझा किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एम्स, नई दिल्ली के फिजियोथेरेपी विभाग के इंचार्ज डॉ. प्रभात रंजन, कार्यक्रम संरक्षक के रूप में गुड़गांव विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह, और इवेंट डायरेक्टर के रूप में प्रो. एस.सी. कुंडू ने भाग लिया।इस मौके पर डॉ. टी. कार्तिकेयन सहित बड़ी संख्या में फिजियोथेरेपी विभाग के छात्र भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



# Departments of Media Studies Launches Two YouTube Channels

February 16: The Department of Media Studies at Gurugram University launched its two channels, UniVoice and Digi Academia. Auditions were conducted for the same in the department itself. The students enthusiastically participated in the auditions. Those who performed well during the auditions were selected for the channels. The Department of Media Studies also organized anchoring auditions. Digi Academia will feature lectures by university faculty members, while UniVoice will cover university news reported by students.

DIGI ACADEMIA

UniV'oice

STAY INFORMED, STAY INSPIRED

# गुरुग्राम विश्वविद्यालय शुरू कर रहा है 10 नए रोजगारपरक कोर्सेस

फरवरी 21: गुरुग्राम वि.वि. में शैक्षिक सत्र 2024-25 से छात्रों के लिए 10 नए रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू होने जा रहे हैं। ये सभी पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित होंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि नए रोजगारपरक कोर्सेज समय की मांग हैं। इसी विषय को ध्यान में रखते हुए इन सभी पाठ्यक्रमों को उद्योग की मांग के अनुरूप डिजाइन किया गया है।कुलपति ने बताया कि नए शैक्षिक सत्र से शुरू होने वाले पाठ्यक्रमों में बी.टेक. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, बी.टेक. कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, बी.आर्क., एमसीए, इंटीग्रेटेड एमसीए, एमएससी कंप्यूटर साइंस (एआई एंड डेटा साइंस), बैचलर ऑफ डिजाइन (बी. डिजाइन) इन इंटीरियर डिजाइन, मास्टर ऑफ डिजाइन (एम. डिजाइन) इन इंटीरियर डिजाइन, एमएससी मेडिकल फिजिक्स, बीएससी नर्सिंग शामिल हैं। इन सभी पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय की एसी और ईसी ने मंजूरी भी दे दी है। विद्यार्थी नए सत्र से इन सभी पाठ्यक्रमों में दाखिला ले सकेंगे। आगे कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर है, जिसमें विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु अकादमिक, शोध, खेल सभी विषयों पर पूर्ण ध्यान दिया जाता है। देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ाने के लिए युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाली कौशल युक्त शिक्षा की आवश्यकता है। गुरुग्राम विश्वविद्यालय इस दिशा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। गुरुग्राम विश्वविद्यालय का उद्देश्य शिक्षा एवं शोध के माध्यम से सामाजिक समस्याओं का हल निकालना है।

# अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर परिचर्चा का आयोजन

भारतीय एवं विदेशी भाषा विभाग द्वारा अंतरर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मातृभाषा के महत्व को उजागर करते हुए कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार जी और प्रो. राकेश कुमार योगी जी ने छात्र-छात्राओं से बातचीत की। प्रो. पुष्पा अंतिल और डॉ. राजवंती जी ने भाषा के संरक्षण और विकास पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि मातृभाषा हमारी सांस्कृतिक धरोहर और पहचान का हिस्सा है, और



इसके संरक्षण से ही हमारी सामाजिक और मानसिक समृद्धि संभव है। मातृभाषा के महत्व पर बोलते हुए विधि एवं मानविकी संकाय के



संकायाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) राकेश कुमार योगी ने कहा "मातृभाषा" सिर्फ शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि हमारी पहचान और संस्कृति का आधार है। यह हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखती है और समाज में सामंजस्य बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है।" विद्यार्थियों को भाषा की विविधता और इसके महत्व को समझाने के लिए कई दिलचस्प गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने विचारों को प्रभावी तरीके से व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न भाषाओं में गीत एवं भाषण प्रस्तुत किए ।

# विधि विभाग ने देश की प्रतिष्ठित लॉ फर्मों के साथ साइन किया एमओयू

फरवरी 28: गुरुग्राम विश्वविद्यालय के विधि विभाग के छात्रों को इंटर्नशिप के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने देश की प्रतिष्ठित लॉ फर्म इंडिया जूरीस, लखन पाल मंगला एंड कंपनी, और के.एम.एस लॉ फर्म के साथ एमओयू किया, जो विद्यार्थियों के लिए काफ़ी फायदेमंद होगा। इस करार के अवसर पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय की तरफ से कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंघ, के.एम.एस लॉ फर्म की ओर से निदेशक विकास वर्मा, लखन पाल मंगला एंड कंपनी की तरफ से मैनेजिंग पार्टनर अतुल मंगला और इंडिया जूरीस (लॉ फर्म) की तरफ से मैनेजिंग पार्टनर समीयर रस्तोगी ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि इस करार के तहत विधि छात्रों को इंटर्नशिप के माध्यम से वकालत करने के लिए तैयार किया जाएगा। इसके लिए जीयू के छात्र दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, गुरुग्राम, पलवल, फरीदाबाद, चंडीगढ़ में बड़े अधिवक्ताओं के चैंबर के साथ जोड़े जाएंगे और वहीं उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके तहत छात्रों को अदालतों और कानूनी प्रक्रिया से परिचित कराया जाएगा, और छात्र विभिन्न धाराओं में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। इस मौके पर प्रो. श्वेता बजाज, डॉ. रीनू चौधरी के अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता विनीत बजाज भी उपस्थित रहे।

# गुरुग्राम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने चित्र भारती फिल्मोत्सव में अपनी पहचान बनाई



23-25 फरवरी को पंचकूला में आयोजित तीन दिवसीय 5वें चित्र भारती फिल्मोत्सव में गुरुग्राम विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। इस फिल्मोत्सव में विद्यार्थियों द्वारा निर्मित चार फिल्में - 'सशक्त आवाज', 'नैना', 'द लॉस्ट रिवर' और एनीमेटेड फिल्म 'द डिजिटल पैराडॉक्स' प्रदर्शित की गईं, जिन्हें दर्शकों ने सराहा। इसके अलावा, विभाग के विद्यार्थियों ने फिल्मोत्सव के आधिकारिक समाचार पत्र, "फिल्मोत्सव संदेश" का भी प्रकाशन किया, जो फिल्मोत्सव से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों और कार्यक्रमों का संकलन था।

तीन दिवसीय इस फिल्मोत्सव के भव्य उद्घाटन में हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर, हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष श्री ज्ञान चंद गुप्ता, प्रसिद्ध फिल्मकार श्री चंद्रप्रकाश द्विवेदी, श्री विवेक रंजन अग्निहोत्री और मशहूर गायक दलेर मेहंदी सहित अनेक प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित हस्तियों की गरिमामय उपस्थिति रही।आयोजन के समापन सत्र में भारत सरकार में खेल और युवा मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने विजेताओं को सम्मानित किया। फिल्मोत्सव में मास्टर क्लास द्वारा प्रतिष्ठित फिल्मकारों और







बुद्धिजीवियों ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया और सिनेमा, समाज, भारतीयताऔर संस्कृति से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपना ज्ञान और अनुभव साझा किया| देश के प्रबुद्ध विचारक मा. श्री मनमोहन वैद्य, प्रसिद्ध फिल्मकार और निर्देशक डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी, श्री विवेक अग्निहोत्री, श्री विपुल शाह, श्री अमिताभ वर्मा, श्री सुदीप्तो सेन, अद्वैता काला, अनंत विजय आदि ने इन मास्टर क्लास को कला, अध्यात्म, सामाजिक-राजनीतिक चिंतन आदि का एक बौद्धिक और शिक्षा प्रद मंच बना दिया।

इस फिल्मोत्सव में देश भर के 24 राज्यों से 25 भाषाओं में कुल 663 प्रविष्टियां आईं थीं, जिनमें से 133 फिल्मों को प्रदर्शन के लिए चुना गया। फिल्मोत्सव ने न केवल विद्यार्थियों को उनके कौशल को प्रदर्शित करने का मौका दिया, बल्कि उन्हें फिल्म निर्माण और मीडिया की दुनिया में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया।

# गुरुग्राम वि.वि. के दूसरे दीक्षांत समारोह में 655 छात्रों को डिग्रियां, 46 को गोल्ड मेडल




गुरुग्राम विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर के सभागार में किया गया, जिसमें हरियाणा के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस ऐतिहासिक अवसर पर राज्यपाल ने 655 विद्यार्थियों को स्नातक और स्नातकोत्तर की उपाधियां प्रदान कीं। इनमें 2022 बैच के 260 और 2023 बैच के 395 छात्र-छात्राएं शामिल थे। साथ ही, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 46 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। समारोह में हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ. कैलाश चंद्र शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

राज्यपाल का स्वागत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर किया। राज्यपाल ने समारोह के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया और दीक्षांत समारोह की स्मारिका का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि डिग्री केवल कागज का टुकड़ा नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के करियर और जीवन की दिशा तय करती है।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह डिग्री न केवल उनके भविष्य का आधार है, बल्कि देश के विकास में




योगदान देने का भी अवसर है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें। जीवन में अनुशासन, विनम्रता और ईमानदारी अपनाने पर जोर देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को अपने सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि श्री कैलाश चंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी वियार्थियों को बधाई दी एवं समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि "दीक्षांत समारोह




आपके जीवन में एक नवीन आयाम की शुरुआत है "विद्यार्थी जीवन में मिली शिक्षा का उपयोग अब आपको देश और समाज की प्रगति के लिए करना है"

समारोह के अंत में विश्वविद्यालय के कुलपति ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और प्रगति के लिए सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को धन्यवाद दिया। समारोह में गुरुग्राम विश्वविद्यालय की गौरवशाली परंपराओं को आत्मसात करते हुए शिक्षा और सृजनात्मकता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता श्री पवन जिंदल, श्री डी.पी. भारद्वाज, डॉ अशोक दिवाकर, सीएसआईआर निदेशक, प्रो. रंजना अग्रवाल, श्री जगदीश ग्रोवर, एवं श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ राज नेहरू भी उपस्थित रहे।

# गुरुग्राम वि.वि. में तीन दिवसीय 9वें राष्ट्रीय सम्मेलन AdMet-2024 का सफल आयोजन



मार्च 7-9: गुरुग्राम विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय 9वें राष्ट्रीय सम्मेलन "एडवांसेस इन मेट्रोलॉजी" (AdMet-2024) का सफलतापूर्वक आयोजन 7-9 मार्च को हुआ। सम्मेलन में देशभर से आए शोधकर्ताओं, मेट्रोलॉजिस्ट, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन में कुल छह सत्र आयोजित किए गए, जिसमें 80 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सीएसआईआर निदेशक प्रो. रंजना अग्रवाल ने मुख्य अतिथि रूप में भाग लिया। तीन दिवसीय सम्मेलन के पहले दिन "वजन और माप उपकरणों के अंशांकन और परीक्षण के लिए कानूनी मेट्रोलॉजी," विषय पर चर्चा हुई।

सम्मेलन के दौरान नवीनतम मेट्रोलॉजिकल उपकरण, माप प्रणाली और सहायक उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका उद्घाटन माननीय अतिथियों द्वारा किया गया। इन उपकरणों के माध्यम से शोधकर्ताओं और छात्रों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर डॉ. संजय यादव द्वारा लिखी पुस्तक "काव्य मंजरी" और MSI की जरनल "मापन" का विमोचन भी किया गया। समापन सत्र में एमएसआई के अध्यक्ष और एनपीएल के निदेशक प्रो. वेणु गोपाल अचंता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर की निदेशक डॉ. रंजना अग्रवाल, एनएबीएल के निदेशक आर. श्रीकांत, हरियाणा सरकार के ओएसडी डॉ. राजेंद्र कुमार और लीगल मैट्रोलॉजी डिपार्टमेंट के निदेशक आशुतोष अग्रवाल ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सम्मेलन की अध्यक्षता की और मेट्रोलॉजी के महत्व पर चर्चा की। मुख्य अतिथि प्रो. अचंता ने कांफ्रेंस की थीम "मात्रा से लेकर परिमाणीकरण तक" पर अपने विचार साझा करते हुए मेट्रोलॉजी के विज्ञान और समाज में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने इसे किसी भी वैज्ञानिक गतिविधि की कुंजी बताया और मेट्रोलॉजी की उन्नति में सम्मेलनों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। यह सम्मेलन शिक्षा और शोध के क्षेत्र में मेट्रोलॉजी के महत्व को बढ़ावा देने और विभिन्न पहलुओं पर चर्चा का एक मंच साबित हुआ।




# गुरुग्राम विश्वविद्यालय में 'महिला चौपाल और बालिका कल्याण' कार्यक्रम का आयोजन





मार्च 10: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय के सेक्टर-87, गुरुग्राम स्थित नवीन परिसर में एक दिवसीय 'महिला चौपाल एवं बालिका कल्याण' कार्यक्रम हुआ। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने इस अवसर पर बताया कि महिलाओं के अधिकारों, उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में सेल्फी विद डॉटर के संस्थापक, सामाजिक कार्यकर्ता और सोशल मीडिया प्रचारक सुनील जागलान, मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विजया अग्रवाल, सोनम चौधरी और यूबीए के राष्ट्रीय समन्वयक प्रो. (डॉ.) वीरेंद्र के. विजय ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन गुरुग्राम विश्वविद्यालय, उन्नत भारत अभियान (यूबीए) और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गुरुग्राम विवि के छात्रों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक किया गया । कार्यक्रम के दौरान का ब्रोशर का भी विमोचन किया गया।

# गुरुग्राम विश्वविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

*महिलाओं के खिलाफ होने वाले साइबर अपराधों के प्रति छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक*

मार्च 13: महिलाओं के खिलाफ होने वाले साइबर अपराधों के प्रति विद्यार्थियों को कानूनी रूप से जागरूक करने के उद्देश्य से कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में गुरुग्राम विवि के 'जेंडर स्टडीज सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस' और छात्र कल्याण विभाग ने हरियाणा राज्य महिला आयोग के सहयोग से विश्वविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया और कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में गुरुग्राम विवि के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह ने भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को साइबर अपराध व इससे सतर्क रहने के लिए बरती जाने वाली सावधानियां एवं इससे जुड़े विभिन्न कानूनी पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। इसके साथ ही, यह भी बताया गया कि इन अपराधों से निपटने के लिए किस प्रकार के कानूनी उपाय उपलब्ध हैं।




# गुरुग्राम विवि और प्रिस्यूड लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुआ एमओयू

मार्च 21: रसायन विज्ञान और अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुग्राम विवि ने प्रिस्यूड लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू किया। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच शैक्षिक और अनुसंधान प्रयासों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दोनों संस्थानों ने (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर संयुक्त शोध कार्यों और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। इस करार पर गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में प्रिस्यूड लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अजय सोनी और विश्वविद्यालय की ओर से डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. सुभाष कुंडू ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि इस समझौते के अंतर्गत गुरुग्राम विवि के स्नातकोत्तर छात्रों को प्रिस्यूड वैज्ञानिकों के साथ शोध करने का अवसर मिलेगा। साथ ही प्रिस्यूड लाइफ साइंसेज के वैज्ञानिकों को गुरुग्राम विश्वविद्यालय के पात्रता मानदंड के अनुसार पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश का अवसर मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि दोनों पक्षों के बीच संयुक्त अनुसंधान



की पहल की जाएगी ताकि इसका लाभ अधिक से अधिक विश्वविद्यालय के छात्रों को मिल सके। इसके अलावा, शैक्षणिक - औद्योगिक लिंक विकसित करने के लिए समय-समय पर सेमिनार और सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे और उद्योग विशेषज्ञों को व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर प्रो. सरला बालचंद्रन, प्रो. धर्मेंद्र कुमार, प्रो. अमरजीत कौर समेत विवि के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# गुरुग्राम विश्वविद्यालय में नए रोजगारपरक कोर्स का शुभारंभ

गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने आगामी शैक्षणिक सत्र 2024-25 से 6 नए रोजगारपरक और स्किल आधारित कोर्स शुरू करने का निर्णय लिया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने जानकारी दी कि ये नए कोर्स छात्रों को डिग्री के साथ-साथ आवश्यक कौशल भी प्रदान करेंगे। इनमें मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी (न्यूरोलॉजी), एमएससी जूलॉजी, एमएससी बॉटनी, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, बीबीए एलएलबी (इंटीग्रेटेड), और एमए (विज्ञापन एवं जनसम्पर्क) जैसे कोर्स शामिल हैं।

प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि इन कोर्स के माध्यम से छात्रों को नौकरी पाने में सहायता मिलेगी, क्योंकि ये रोजगार उन्मुख और स्किल आधारित हैं। उन्होंने कहा कि बदलती आवश्यकताओं के साथ विश्वविद्यालय ने इन पाठ्यक्रमों की शुरुआत की है, जिससे छात्रों को आधुनिक और व्यावसायिक शिक्षा मिलेगी। इन पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय की एसी और ईसी से मंजूरी मिल चुकी है, और छात्र इन्हें नए शैक्षणिक सत्र से शुरू कर सकेंगे।

# “जगद्गुरु शंकराचार्य व्याख्यानमाला”

## गुरुग्राम वि.वि एवं भारतीय भाषा समिति का संयुक्त आयोजन




मार्च 20 : गुरुग्राम विश्वविद्यालय और भारतीय भाषा समिति (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में “जगद्गुरु शंकराचार्य व्याख्यानमाला” के अंतर्गत एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय ‘जगद्गुरु शंकराचार्य एवं भारत की एकात्मता’ था जिसपर विशेषज्ञ वक्ताओं ने विद्यार्थियों से सार्थक संवाद किया। कार्यक्रम का आयोजन गुरुग्राम विश्वविद्यालय के विधि एवं मानविकी संकाय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में वक्ता के रूप में आध्यात्म और आदिशंकराचार्य पर गहन शोधकर्ता, “शांकर भाष्य सार” की रचयिता इंदिरा मोहन जी, भारतीय संस्कृति संबंध परिषद के अध्यक्ष, एवं गगनांचल पत्रिका के संपादक श्री रविशंकर जी, एवं ऑर्गेनाइजर पत्रिका के संपादक श्री प्रफुल्ल केतकर उपस्थित थे।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। जिसके पश्चात भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष श्री चमू कृष्ण शास्त्री का वीडियो संदेश प्रसारित किया गया। व्याख्यान में आशीर्वचन के रूप में श्री श्रृंगेरी शारदा पीठम जगद्गुरु श्री श्री भारती तीर्थ महास्वामी जी का अनुग्रह संदेश वीडियो द्वारा प्राप्त हुआ था, जिसका सार-संक्षेप पढ़कर सुनाया गया।

विधि एवं मानविकी संकाय के अधिष्ठाता, प्रो. (डॉ.) राकेश कुमार योगी ने स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए कहा कि “ शंकराचार्य जी का विचार हमें व्यष्टि से समष्टि की ओर अग्रसर करता है। सुश्री इंदिरा मोहन ने अपने व्याख्यान में आदिशंकराचार्य जी के दर्शन पर प्रकाश डाला। आदि शंकराचार्य जी के दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि “सत, चित और आनंद ईश्वरीय तत्व है, और यही तत्व व्यक्तियों में भी विद्यमान है। जीव, जगत, जगदीश्वर सब एक हैं। एक चेतन तत्व ही इसका मूल आधार है। जिसमें कोई विकार नहीं वह ब्रह्म है, और ब्रह्म सर्वव्यापक है।”

श्री रविशंकर ने शंकराचार्य जी के कृतित्व के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि “मात्र 32 वर्ष की आयु में शंकराचार्य ने सम्पूर्ण भारत का भ्रमण किया। भारत में निहित विकारों को हटाने के लिए मठों का निर्माण किया व शास्त्रों के ज्ञान का प्रचार-प्रसार किया।”

श्री प्रफुल्ल केतकर ने कहा कि “शंकराचार्य जी भारत की विशेषता को समझने लिए अनेक कार्य किए। भारत के विषय में एक वाक्य बार बार दोहरा दिया जाता है ‘Unity in Diversity’ वास्तव में हम एक unique सभ्यता हैं। क्या कारण था कि भारत इतने आक्रमणों के बाद भी जीवित रहा? वह विशेषता है हमारी एकात्मता। भारत वह भूमि है जिसने संसार को धर्म सिखाया है।” कार्यक्रम में गुरुग्राम विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. एससी कुंडू, एवं अन्य प्राध्यापकों ने भी शिरकत की। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. संजना अंतिल भारतीय एवं विदेशी भाषा विभाग) एवं श्री अनिरुद्ध सुभेदार (मीडिया अध्ययन विभाग) थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. फलक खन्ना, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया।



## Media studies department’s student excels in National Media Festival

### Arvind Tyagi secures top positions in caption writing and photography

March 11: Our talented student, Arvind Tyagi (MAMC PG 4th Semester), secured the 2nd position in caption writing and the 3rd position in photography at the 10th National Media Festival 2024 held at Arya P.G. College, Panipat.This outstanding accomplishment not only reflects Arvind’s dedication and skill but also showcases the excellence fostered within the university, highlighting its commitment to nurturing creative talents and academic growth.



# Exploring Creativity: Media Studies Department Organizes Art and Painting Workshop

Department of Media Studies organised a two-day workshop on 'Art and Painting' in which students explored their creative side and learned the nuances of the art of drawing. The workshop was taken by Mr. Kuldeep Singh, Visiting Professor, Department of Architecture, SUPVA Rohtak in the Mahamana Kaksh of Gurugram University. He interacted with the participants and guided the students on how make draw paintings artistically and professionally. Students of Animation & Multimedia and MAMC participated in the workshop. The event brought creative minds together, and they contributed their visions to sketching or acrylic through vibrant paintings. The two-day event was also graced by the presence of the Hon'ble Vice Chancellor Prof. Dinesh Kumarwho appreciated the students for being part of this workshop and conveyed his best wishes to them.

Hon'ble VC sir said: "Learning arts such as painting helps students grow beyond classroom education. I hope you all will make best of this opportunity."

On the closing day of the workshop Prof. (Dr.) Rakesh Kumar Yogi, Dean Faculty of Law & Humanities encouraged the participatns by trying his hand at painting along with the students.



# Promoting Health and Fitness At Gurugram University

*Gurugram University  Launches Its Own New Gymnasium*



March 23 :A  new gymnasium has been inaugurated at Gurugram University, marking a significant step towards promoting health and fitness among students and staff. On this occasion, the Vice Chancellor, Prof. Dinesh Kumar, stated that the new gym will help raise awareness about physical health and enhance mental well-being. The gym is equipped with cutting-edge equipment and modern amenities, allowing everyone to embark on their fitness journey comfortably and effectively. This inauguration adds a new chapter in the university's commitment to holistic development, encouraging both physical and mental growth for its students and faculty. With this addition, the university aims to foster a balanced lifestyle and provide a space for individuals to stay active and focused, supporting academic and personal achievements.



# गुरुग्राम विश्वविद्यालय में 'स्टार्टअप स्पार्क 24' कार्यक्रम का आयोजन



अप्रैल 5: गुरुग्राम विश्वविद्यालय में 'स्टार्टअप स्पार्क 24' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य उद्यमिता और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना था। यह कार्यक्रम गुरुग्राम रिसर्च एंड वेंचर फाउंडेशन और इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का विषय 'नवाचार और उद्यमशीलता को प्रज्वलित करना' था। इस अवसर पर गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के साथ मुख्य अतिथि के रूप में इनोआ वेंचर्स के संस्थापक नोआ मुज़ाफ़ी, पिनकैप के प्रबंध निदेशक प्रवीण सिन्हा और द सर्कल: फाउंडर्स क्लब की वीसी और प्रमुख, नेमेसिसा उज्जैन ने अपने विचार प्रस्तुत किए। विषय विशेषज्ञों ने नवाचार, स्टार्टअप, व्यावसायिक अवसरों, वित्तीय प्रबंधन और उत्पाद की गुणवत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी सक्रिय रूप से शामिल हुए।



# गुरुग्राम विश्वविद्यालय में सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन

## मतदान के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया




अप्रैल 9: गुरुग्राम विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह के साथ विश्वविद्यालय के जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार किए गए सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलपति ने छात्रों से मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी के लिए आह्वान किया और कहा कि वे सेल्फी प्वाइंट पर तस्वीरें खींचकर सोशल मीडिया पर शेयर करें, ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान के महत्व के प्रति जागरूक हों। उन्होंने बताया कि मतदान लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी का प्रतीक है और युवाओं का इस प्रक्रिया में योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह ने भी विद्यार्थियों से इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया।




# गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के छात्रों के लिए इंटर्नशिप के बेहतर अवसर

## सीएसआईआर;आईआईसीटी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर



गुरुग्राम यूनिवर्सिटी ने रसायन विज्ञान और अन्य संबंधित क्षेत्रों में अपने छात्रों को बेहतर इंटर्नशिप अवसर प्रदान करने के लिए सीएसआईआर आईआईसीटी, हैदराबाद के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस करार पर गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और सीएसआईआर आईआईसीटी के निदेशक डॉ. श्रीनिवास रेड्डी ने हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत, जीयू के छात्र सीएसआईआर आईआईसीटी में इंटर्नशिप के लिए योग्य मानकों के आधार पर चयनित होंगे। छात्रों को उन्नत अनुसंधान तकनीकों पर प्रशिक्षित किया जाएगा और दोनों संस्थानों के विशेषज्ञ छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे। इसके अलावा, अनुसंधान और शिक्षण क्षेत्रों में संकाय सदस्य और वैज्ञानिक मिलकर काम करेंगे। यह सहयोग छात्रों के लिए अनुसंधान और विकास के नए अवसर प्रदान करेगा। सीएसआईआर आईआईसीटी की स्थापना 1944 में हुई थी और यह एक प्रतिष्ठित अनुसंधान संगठन है। इस अवसर पर गुरुग्राम यूनिवर्सिटी की वरिष्ठ प्रोफेसर सरला बालचंद्रन भी उपस्थित रहीं।

# मालाबार चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गुरुग्राम विवि में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन

## 400 मेधावी छात्राओं को 35 लाख रुपए की छात्रवृत्ति




अप्रैल 18: मालाबार चैरिटेबल ट्रस्ट ने गुरुग्राम विश्वविद्यालय के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में एक छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विभिन्न सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली लगभग 400 मेधावी छात्राओं को कुल 35 लाख रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की। इस अवसर पर प्रो. दिनेश कुमार ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें परिश्रम और धैर्य से जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। यह पहल आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है।


# गुरुग्राम विश्वविद्यालय में आयोजित इंटर कॉलेज किक बॉक्सिंग टूर्नामेंट

अप्रैल 19: गुरुग्राम विश्वविद्यालय के खेल विभाग ने विश्वविद्यालय परिसर में एक दिवसीय 'इंटर कॉलेज किक बॉक्सिंग टूर्नामेंट' का आयोजन किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस टूर्नामेंट में गुरुग्राम यूनिवर्सिटी से संबद्ध 4 कॉलेजों के लगभग 35 छात्रों ने विभिन्न भार वर्गों में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 55 किलो भार वर्ग में सौरभ ने पहला और दीपक ने दूसरा स्थान, 57 किलो भार वर्ग में कैलाश ने पहला और योगेश ने दूसरा स्थान, जबकि 73 किलो भार वर्ग में पीयूष लाम्बा ने पहला और अंकित ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विजेताओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया और छात्रों को संबोधित करते हुए किक बॉक्सिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस खेल से आत्मविश्वास और कौशल में वृद्धि होती है। इस अवसर पर छात्राओं को भी किक बॉक्सिंग और आत्मरक्षा शिविर में भाग लेने के लिए मेडल प्रदान किए गए।




# गुरुग्राम विवि के मीडिया अध्ययन विभाग में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

## 8 विद्यार्थियों का गूगल में साक्षात्कार के लिए चयन



किसी भी शिक्षण संस्थान की गुणवत्ता की असली पहचान उसके प्लेसमेंट आंकड़ों से होती है और गुरुग्राम विवि अपने यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ रोजगार भी मिले और वे आत्मनिर्भर बन सके इसलिए विश्वविद्यालय परिसर में समय-समय पर प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करती है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए गुरुग्राम विवि के मीडिया अध्ययन विभाग में Vaco Binary Semantics LLP कंपनी द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में 30 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें से 8 विद्यार्थियों को आगे की प्रक्रिया के लिए चयनित किया गया।

# Media Studies Department Hosts Digital Painting Workshop with Oddbox Design Founder



Department of Media Studies organized a digital painting workshop by Mr. Deepak Kumar, Founder Director of Oddbox Design. The session focused on enhancing creativity and skills in digital art, with students learning techniques, tools, and design concepts. Mr. Deepak's insights sparked interest in digital design as a career option, motivating students to explore new artistic possibilities and advancements in visual communication and digital media. The workshop provided hands-on experience, helping students build a strong foundation in digital art.

## Vibes Around Creation: Media Studies Students Shine at Startup Spark'24

April 5: Guided by Prof. (Dr.) Rakesh Yogi, Dena, Faculty of Law & Humanities, the start-up "Vibes Around Creation" by students of the Department of Media Studies participated in the prestigious "Startup Spark'24" event. During the event, the students had the opportunity to pitch their innovative idea to potential investors.The event, hosted at Gurugram University, saw the participation of various start-ups and prominent entrepreneurs, including Noa Muzzafi (Founder & Director, InnoA Ventures), Praveen Sinha (Managing Director, PinCap), and Nemesisa Ujjain (VP & Head, The Circle FC). This platform provided valuable insights and networking opportunities for young entrepreneurs, helping them showcase their creativity and business potential.



## गुरुग्राम विश्वविद्यालय का आर्टेमिस अस्पताल के साथ हुआ एमओयू

क्लिनिकल रिसर्च क्षेत्र में छात्रों को सफल करियर के लिए आवश्यक सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुग्राम यूनिवर्सिटी ने देश के प्रख्यात सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की सूची में शामिल आर्टेमिस अस्पताल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के तहत आर्टेमिस अस्पताल के परिसर में गुरुग्राम यूनिवर्सिटी का ऑफसाइट कैंपस खोला जाएगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि आर्टेमिस अस्पताल में खुलने वाले जीयू के ऑफसाइट कैंपस में छात्र क्लिनिकल रिसर्च में एडवांस्ड सर्टिफिकेट कोर्स कर सकेंगे, उन्होंने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 से छात्र इस कोर्स में दाखिला ले पाएंगे। गुरुग्राम विवि. की और से कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में डीन अकादमी अफेयर्स प्रो. सुभाष कुंडू एवं आर्टेमिस अस्पताल की और लीगल हेड विवेक सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के तहत विद्यार्थियों को मेडिकल क्षेत्र के उच्च स्तरीय विशेषज्ञों से कोर्स से सम्बंधित मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इसके तहत छात्रों के ज्ञानवर्धन हेतु संयुक्त सम्मेलनों, कार्यशालाओं एवं सेमिनारों का आयोजन आदि भी सम्मिलित है। कुलपति ने बताया इस कोर्स में व्यावहारिक गतिविधियां और परियोजनाओं के साथ इंटरैक्टिव शिक्षण प्रारूप सम्मिलित है और यह कोर्स छात्रों को रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि दोनों संस्थानों का लक्ष्य छात्रों के सुनहरे भविष्य हेतु आने वाले समय में मेडिकल फिजिक्स, पीएचडी कार्यक्रम, फैकल्टी एक्सचेंज, नैदानिक अनुसंधान में मिलकर काम करना है। आर्टेमिस हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर एन. के गांगुली ने विश्वविद्यालय के कुलपति को एमओयू के सफल संचालन हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर डॉ. एन. के गांगुली, प्रो. विजय मेहता, प्रो. रफ़ीक, प्रो. प्रताप यादव, डॉ. नमिता जग्गी, डॉ गरिमा श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

# मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा राष्ट्रीय मीडिया संवाद के तृतीय संस्करण का आयोजन

## *विदेशी एवं भारतीय मीडिया में भारत" विषय पर चर्चा*



गुरुग्राम विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा राष्ट्रीय मीडिया संवाद के तृतीय संस्करण का भव्य आयोजन किया गया। इस बार एक दिवसीय संवाद का विषय "विदेशी एवं भारतीय मीडिया में भारत" रखा गया था।

गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश कुमार जी ने तृतीय राष्ट्रीय मीडिया संवाद के प्रथम सत्र में स्वागत वक्तव्य देते हुए कहा कि राष्ट्रीय मीडिया संवाद का तृतीय संस्करण आयोजित करना और इतने महत्वपूर्ण विषय पर विद्वान वक्ताओं के साथ संवाद करना विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। कुलपति ने इस संवाद की निरंतरता और इसकी गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए मीडिया अध्ययन विभाग को बधाई एवं साधुवाद दिया।



इस महत्वपूर्ण संवाद की शुरुआत वरिष्ठ पत्रकार, संपादक एवं लेखक श्री उमेश उपाध्याय की हाल ही में आई पुस्तक "वेस्टर्न मीडिया नैरेटिव ऑन इंडिया-फ्रॉम गांधी टू मोदी" पर चर्चा से हुई। श्री उपाध्याय ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य में बताया कि विदेशी मीडिया में किस प्रकार सुनियोजित तरीके से भारत विरोधी नैरेटिव बनाया जाता है। उमेश उपाध्याय ने कहा कि भारत में बीबीसी को सदैव एक विश्वसनीय मीडिया की तरह प्रचारित किया गया लेकिन बीबीसी हमेशा विवादित एवं भारत विरोधी एजेंडे को पोषित करता रहा है। उन्होने उदाहरण देते हुए कहा कि जब सितम्बर 2001 को अलकायदा अमेरिका के पेंटागन पर हमला करता है तो उसे "आतंकवादी" हमला लिखा जाता है लेकिन इसके महज तीन महीने बाद ही जब दिसम्बर में भारत की संसद पर आतंकी हमला होता है तो आतंकवादियों के लिए "चरमपंथी" शब्द का इस्तेमाल किया जाता है। इस प्रकार के अनेक उदाहरण के साथ वरिष्ठ पत्रकार उमेश उपाध्याय ने अपनी पुस्तक में पश्चिमी मीडिया के भारत विरोधी एजेंडे को तथ्यों के साथ उजागर किया है। लंदन में पीटीआई के प्रतिनिधि तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मीडिया सलाहकार रहे वरिष्ठ पत्रकार अशोक टंडन जी ने अपने संबोधन में कहा कि "लोगों को लोकतंत्र में वोट के माध्यम से सरकार बदलने का अवसर होता है इसी प्रकार दर्शक और पाठक को मीडिया के बारे में फैसला करना चाहिए। हमें विदेशी मीडिया के साथ अपने देश के मीडिया की बात भी करनी होगी। मुंबई में हुए 26/11 हमले का कवरेज, हमारे अपने टीवी चैनलों की संवेदनहीनता का एक बड़ा उदाहरण है। जब हमारे यहाँ 26/11 हुआ तो टीआरपी के होड़ में लाइव दिखाया गया। इसके कारण आतंकवादियों को पल-पल की जानकारी मिलती रही और वो उसके आधार पर खतरनाक हमले को अंजाम देते रहे। इसी प्रकार का काम कारगिल युद्ध के दौरान देश की एक प्रसिद्ध पत्रकार ने किया जिसका खामियाजा सेना और समूचे राष्ट्र को भुगतना पड़ा"। श्री टंडन ने देश-विदेश में कवरेज के अपने अनेक अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए। बीबीसी के निदेशक (पत्रकारिता) एवं उप कार्यकारी अधिकारी मुकेश शर्मा जी ने अपने वक्तव्य में पश्चिमी मीडिया का बचाव करते हुए कहा कि "मीडिया कवरेज को सदैव ब्लैक एंड व्हाइट में नहीं देखा जा सकता है, हमेशा एक ग्रे एरिया भी होता है"। श्री मुकेश कुमार ने स्वीकार किया कि विदेशी मीडिया में आज भारत की बात पहले से अधिक होती है क्योंकि भारत अपनी एक अलग जगह और पहचान बना रहा है तो विदेशी मीडिया उसे विभिन्न पैमानों पर परख रहा है।

इस समस्त संवाद में सूत्रधार के रूप में प्रो. मीनाक्षी श्योराण ने वक्ताओं से प्रासंगिक प्रश्न किए तथा विमर्श को विषय के अनुरूप आगे बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ प्रो. मीनाक्षी ने इस पूरी चर्चा मं






विद्यार्थियों तथा अन्य प्रतिभागियों को भी उनकी जिज्ञासाओं के समाधान हेतु सम्मिलित किया। एक दिवसीय मीडिया संवाद की भूमिका रखते हुए विधि एवं मानविकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो. राकेश कुमार योगी ने कहा कि "दुनिया में संचार के साधन और गति बढ़ी है लेकिन समाज में संवाद की प्रवृत्ति बाधित हुई है। लोग आपस में बात कर रहे हैं किंतु एक-दूसरे को स्वीकार नहीं कर रहे हैं, संवाद का अंदाज प्रतिक्रियात्मक ही समझ लिया गया है। विभिन्न मत-विचार को सुनना, समझना और स्वीकार करना जीवंत समाज का महत्वपूर्ण कार्य है इसलिए मीडिया अध्ययन विभाग प्रतिवर्ष इस राष्ट्रीय संवाद का आयोजन करता है। इस विमर्श करने में भारतीय मीडिया के वरिष्ठ पत्रकार, संपादक उपस्थित हैं वहीं विदेशी मीडिया में काम कर चुके अथवा वर्तमान में काम कर रहे वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित हैं"। प्रख्यात चिंतक-लेखक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. महेश शर्मा ने उद्घाटन एवं प्रथम सत्र की अध्यक्षता की तथा संवाद में प्रासंगिक हस्तक्षेप किया। इस सत्र में विवि के कुलसचिव डॉ राजीव सिंह तथा अधिष्ठाता (अकादमिक मामले) प्रो. एस सी कुंडु भी उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में प्रख्यात चिंतक डॉ. महेश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में एबीपी न्यूज़ के वरिष्ठ पत्रकार श्री रंगनाथ,दैनिक जागरण के राष्ट्रीय ब्यूरो प्रमुख, एबीपी न्यूज़ के सलाहकार संपादक रहे बुलंद भारत के प्रधान संपादक श्री राजकिशोर, हिंदुस्तान टाइम्स, टाइम्स ऑफ इंडिया, इंडो-एशियन न्यूज़ सर्विस में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुकी, द न्यू इंडियन की संस्थापक संपादक सुश्री आरती टिक्कू, देश के सुप्रसिद्ध टीवी पत्रकार एवं पैनलिस्ट श्री हर्षवर्धन त्रिपाठी ने अपने विचार साझा किए।

वरिष्ठ पत्रकार श्री रंगनाथ ने संवाद में संबोधित करते हुए कहा कि "भारतीय मीडिया की भारत को देखने की दृष्टि भी पश्चिम से प्रेरित है। भारतीय मीडिया बेधड़क होकर समाज को विभाजित करने का काम करता है जो कि मूलत: पश्चिम का एजेंडा है। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि मीडिया का काम सरकार का प्रचार करना नहीं है लेकिन उसका काम देश विरोधी गतिविधियों को न्यायपूर्ण ठहराना भी नहीं है"।

वरिष्ठ पत्रकार श्री राजकिशोर ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें समझने की जरूरत है कि "जो मीडिया और लोकतंत्र का नैरेटिव है, ये कहां से संचालित हो रहा है। पत्रकार को स्वाभाविक रूप से खोजपरक एवं आलोचनात्मक दृष्टि वाला होना चाहिए। पश्चिमी मीडिया को आईना दिखाना होगा और इसका जवाब हल्की अभद्रता से नहीं बल्कि तथ्यों से देना होगा"।


वरिष्ठ पत्रकार, श्री आरती टिक्कू ने संबोधित करते हुए कहा कि "पश्चिमी मीडिया की कारगुजारियों से मेरा निजी जीवन भी बहुत प्रभावित हुआ है। मैं कश्मीरी हिंदु हूँ और बीबीसी न्यूज चैनल में भी काम किया है। बीबीसी ने कश्मीर को जैसा दिखाया है और जैसा मैंने देखा है उसमें कोई समानता ही नहीं है। पश्चिमी मीडिया तटस्थता का महज ढोंग करता है। पश्चिमी मीडिया दुनिया के अनेक देशों के साथ खुल पक्षपात करता है और दुर्भाग्य की बात है कि पश्चिमी मीडिया का जो आख्यान है वही पूरी दुनिया चला रही है"।

वरिष्ठ पत्रकार श्री हर्षवर्धन त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि "भारतीय मीडिया ही भारत के आत्मसम्मान पर चोट करता है। भारतीय मीडिया भारतीय सभ्यता, भारतीय संस्कृति, भारतीय परंपराओं की आलोचना करता है। जब भारत कोरोना में दूसरे देशों को वैक्सीन दे रहा था तब



भारतीय मीडिया आतंक और भय फैला रहा था। भारतीय मीडिया भारत के पारिवारिक मूल्यों को खत्म कर रहा है"।

प्रख्यात-चिंतक लेखक, डॉ. महेश शर्मा ने दोनों सत्रों की अध्यक्षता की और अपने समारोप वक्तव्य में नैरेटिव शब्द पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि "एक शब्द हम सभी के बीच और आज आम हो चुका है जो सुनने को मिलता है वो है नैरेटिव। नैरेटिव शब्द का अर्थ है कि कुछ ऐसा गढ़ना जो सच है ही नहीं"। इसी संदर्भ को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने सत्यं वद, धर्मं चर, स्वाध्यायान्मा प्रमदः अर्थ समझाते हुए कहा कि पत्रकार ही नहीं वरन हम सबको हमेशा सत्य बोलना चाहिए, धर्म का पालन करना चाहिए और आलस्य नहीं करना चाहिए। पत्रकार को सतर्कता पूर्वक निष्पक्ष और तटस्थ रहने का अधिकतम प्रयास करना चाहिए।



# Model United Nations Organised In Gurugram



**May 11-12: The Gurugram University Model United Nations (GUMUN'24)** was organised with great enthusiasm, marking a significant event in the academic calendar. The Hon'ble Vice Chancellor, Prof. Dinesh Kumar, welcomed all participants, expressing his pride in hosting a platform that encourages critical thinking and global awareness among students.

This was organised with great enthusiasm, marking a significant event in the academic calendar. The Hon'ble Vice Chancellor, Prof. Dinesh Kumar, welcomed all participants, expressing his pride in hosting a platform that encourages critical thinking and global awareness among students. The inaugural session was graced by the Guest of Honour, Adv. Poonam Malik Katariya, who shared her extensive experiences in law and international relations, inspiring students to actively participate and voice their opinions on the global stage. Her address underscored the importance of young minds in shaping the future of global diplomacy. GUMUN'24 had various committees, each modelled on and functioning in accordance with actual UN proceedings, including the General Assembly, Security Council, and Human Rights Council. These simulations offered students a realistic glimpse into the workings of international diplomacy, macy,challenging them to negotiate, debate, and draft resolutions on pressing global issues. Prof. Rakesh Yogi, Dean of the Faculty of Law & Humanities, applauded the efforts of the students and the organizational team. He also praised the student start-up from the Department of Media Studies, 'Vibes Around Creation,' for its significant role in promoting the event and engaging the university community. The Gurugram University Model United Nations 2024 not only provided a stage for academic debate but also encouraged leadership and critical thinking, preparing students to become responsible global citizens.

# गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने एक महत्वपूर्ण MOU पर किए हस्ताक्षर

मई 29: पार्क हॉस्पिटल और गुरुग्राम विश्वविद्यालय के बीच एक महत्वपूर्ण MOU पर हस्ताक्षर हुए। इसका लाभ गुरुग्राम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को मिलेगा और वे मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में अपनी इंटर्नशिप कर सकेंगे। विशेष रूप से सत्र 2024-25 में एमएससी मेडिकल फिजिक्स में दाखिला लेने वाले विद्यार्थी इससे लाभान्वित होंगे। साथ ही, विश्वविद्यालय और नई दिल्ली भाषाएं (NDL) ने "आरोग्य मैत्री" नामक एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के डिज़ाइन, विकास और क्रियान्वयन पर सहयोग करने के लिए समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य विशेष चिकित्सा उपकरणों, विशेष रूप से "आरोग्य मैत्री क्यूब" के उपयोग से आपदा प्रबंधन क्षमताओं कों बढ़ाना है।



# गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया




जून 5: विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय सेक्टर 51 में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह ने पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि प्रकृति को सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण करना अत्यधिक आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि प्रकृति का संतुलन बना रहे। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और पौधारोपण किया। छात्रों और शिक्षकों ने पौधों की देखरेख करने का संकल्प लिया, ताकि ये पौधे भविष्य में वृक्ष बनकर पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखें।

# गुरुग्राम यूनिवर्सिटी और आईआईटी मंडी के बीच एमओयू



गुरुग्राम यूनिवर्सिटी ने आईआईटी मंडी के साथ मिलकर इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों के लिए संयुक्त पीएचडी प्रोग्राम शुरू किया है। दोनों संस्थानों के बीच एमओयू साइन किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि यह प्रोग्राम 2024-25 से शुरू होगा, और पीएचडी इच्छुक छात्र इसमें दाखिला ले सकेंगे। इससे दोनों संस्थानों के अनुसंधान कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के छात्रों को आईआईटी मंडी के रिसर्च सेंटर में आधुनिक उपकरणों का उपयोग करने का मौका मिलेगा। इस करार से छात्रों को दोनों संस्थानों के विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिलेगा और पीएचडी के बाद उन्हें दोनों संस्थानों की संयुक्त डिग्री मिलेगी। दोनों संस्थान समय-समय पर कार्यशालाएं, सम्मेलनों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे, जिससे छात्रों को दोनों संस्थानों की सुविधाओं का लाभ मिलेगा। कुलपति ने कहा कि यह करार छात्रों के लिए अनुसंधान और प्रशिक्षण की शानदार संभावनाएं लेकर आएगा।

# FIRST COMMUNICATOR OF CREATION

## "Maharshi Narad's Jayanti"

June 29: The one-day seminar titled "Media's Constructive Role in Social Transformation," organized on June 29 at Gurugram University, was held in honor of Maharishi Narad's birth anniversary, considered the first communicator of creation. It was jointly organized by Vishva Samvad Kendra, Haryana, and the Department of Media Studies at Gurugram University. The seminar included participation from journalists, academicians, dignitaries, and students. The event was chaired by Gurugram University's Vice-Chancellor, Prof. Dinesh Kumar. The keynote speaker was senior journalist Shyam Kishore, Editor of Sansad TV. Senior social worker Dinesh Nagpal was the chief guest, and renowned educationist Dr. Ashok Diwakar was a distinguished guest. Vice Chancellor of Gurugram University Dr. Dinesh Kumar emphasized the importance of positive journalism. He stated that if newspapers focus on positive news, society as a whole will progress in the right direction.



# गुरुग्राम विश्वविद्यालय में हुईं महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ

जुलाई 2: गुरुग्राम विश्वविद्यालय में 46 स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति और 16 क्लर्कों की पदोन्नति का कार्य पूर्ण हुआ। इनमें 13 एसोसिएट प्रोफेसर, 30 असिस्टेंट प्रोफेसर और 3 प्रोफेसर शामिल थे, जिनकी नियुक्ति विभिन्न विभागों में की गई। 2019 बैच के 16 क्लर्कों को असिस्टेंट पद पर पदोन्नत किया गया, जिनके वेतनमान में भी वृद्धि हुई। इसके अतिरिक्त, 1 दफ्तरी को क्लर्क के पद पर प्रमोट किया गया।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सभी को शुभकामनाएं दीं और विद्यार्थियों के हित में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक शिक्षा पर विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दोहराया।




# हिमाचल प्रदेश केंद्रीय वि.वि. के साथ संयुक्त डिग्री प्रोग्राम पर सहमति



जुलाई 4: गुरुग्राम विश्वविद्यालय और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीच एमबीए इन टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी के दो वर्षीय संयुक्त डिग्री प्रोग्राम पर सहमति बनी।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि इस कोर्स के तहत छात्रों को दोनों संस्थानों के कैंपस में अध्ययन का अवसर मिलेगा। पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर छात्रों को दोनों संस्थानों की संयुक्त डिग्री दी जाएगी।

इस समझौते से छात्रों के लिए बेहतर प्लेसमेंट और करियर अवसर खुलेंगे। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस.पी. बंसल ने गुरुग्राम विश्वविद्यालय का दौरा किया और एमओयू पर सहमति व्यक्त की।

# विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों का प्लेसमेंट



जुलाई 10: गुरुग्राम विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें जुबिलेंट बायोसिस प्रा. लिमिटेड ने तीन छात्रों का चयन किया। चयनित विद्यार्थियों में नेहा यादव, अतुल गोयल और अंकुश शामिल थे। उन्हें 3.10 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज दिया गया।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने चयनित छात्रों को बधाई दी और विश्वविद्यालय की रोजगारपरक शिक्षा की प्रशंसा की। कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

# गुरुग्राम विश्वविद्यालय में नए पाठ्यक्रम शुरू

जुलाई 18: गुरुग्राम वि. वि. ने क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी और अन्य क्षेत्रों में चार नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत की। इसके लिए विश्वविद्यालय ने एसईएआरटी के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू साइन किया। एसईएआरटी के परिसर में विश्वविद्यालय का एक ऑफ-साइट कैंपस स्थापित किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि यह एमओयू छात्रों के करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होगा, साथ ही यह शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से विश्वविद्यालय को उद्योग से जुड़ी नई अवसरों और अनुसंधान सहयोग का लाभ मिलेगा, जिससे छात्रों को उच्चतम मानकों पर प्रशिक्षण मिलेगा।



# गुरुग्राम विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन

## *वॉल ऑफ हीरोज़ का अनावरण*



जुलाई 24: गुरुग्राम विश्वविद्यालय एवं जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर सेक्टर 51 में कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के निर्देशक आशुतोष भटनागर, कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, मुख्य अतिथि के तौर पर गुरुग्राम की पूर्व सांसद सुधा यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा केंद्रीय यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और पूर्व सैन्य अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रताप जी तथा विशेषज्ञ वक्ता के रूप में मेजर जनरल अजय सेठ एवं कुलसचिव डॉ. राजीव सिंह ने कार्यक्रम में भाग लिया।



कार्यक्रम की शुरुआत में कारगिल युद्ध के दौरान वीरगति पाने वाले भारत के वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बलिदानियों को नमन किया गया। इस दौरान सम्मानित अतिथियों द्वारा कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों के सम्मान में बनाए गए 'वॉल ऑफ हीरोज' का भी उद्घाटन किया गया। इस मौके पर उपस्थित माननीय अतिथियों ने वीर बलिदानियों के परिवारजनों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित आशुतोष भटनागर ने कहा कि "शिक्षण संस्थानों में इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए ताकि युवा पीढ़ी देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों के बलिदान और वीरता की गाथा को जान सके और उनका सम्मान कर सके"। श्री भटनागर ने वर्तमान में कारगिल विजय के सामाजिक और राजनैतिक परिवेश पर प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष और गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि "हमारे वीर सैनिकों ने कारगिल में अपने शौर्य और पराक्रम का जो परिचय दिया है, वह अद्भुत एवं अविस्मरणीय है। वीरों की कुर्बानी के कारण ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं"।



इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हरियाणा केंद्रीय विवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि "हर व्यक्ति को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए"। इस मौके पर पूर्व सैन्य अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री प्रताप ने गुरुग्राम विवि और जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र को कारगिल विजय दिवस समारोह आयोजित करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति, विश्वास और गर्व का प्रतीक है। मुख्य अतिथि सुधा यादव ने छात्रों को वीर सैनिकों के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में कारगिल में युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों के परिवारजन भी विशेष आमंत्रित थे। विश्वविद्यालय की ओर से उनका सम्मान एवं सत्कार किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा इस आयोजन का उद्देश्य से युवा पीढ़ी को अपने सैनिकों के बलिदान से अवगत कराना एवं उनमें देश के प्रति प्रेम और समर्पण का भाव जागृत करना था कि देश के प्रति उनका कर्तव्य केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की सेवा और राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान भी महत्वपूर्ण है।

यह आयोजन विश्वविद्यालय की राष्ट्रीयता की भावना और सामाजिक योगदान के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।





## Gurugram University Inaugurates On-Campus Crèche for Employee Children

August 5: Gurugram University has taken a significant step towards supporting its female employees by inaugurating a crèche center on campus. Hon'ble Vice-Chancellor Prof. Dinesh Kumar officially opened the facility on Monday, August 5th, emphasizing its importance in current times.

The crèche, designed to provide a safe environment for children of university employees, will operate from 9 AM to 5 PM, focusing on the mental and physical development of the children. "The crèche will focus not only on proper care but also on the mental and physical development of the children," stated Hon'ble VC sir. The Crèche will have the facilities like Toys, sleeping beds, chairs, air conditioning, and other essentials provided free of charge to children of university employees. The objective of this facility is to ensure well-being and cognitive and physical growth of children, allowing parents to balance their professional and family responsibilities effectively. The center will also encourage social interaction among children and ensure their overall safety while parents are at work. This initiative also provides an opportunity for employees to work with peace of mind, knowing their children are in a nurturing and secure environment. Moreover, the crèche aims to foster early childhood development through age-appropriate activities and attentive care.

The inauguration event was attended by senior university officials, including Prof. Dharmendra Kumar, Dr. Vijay Mehta, Dr. Rakesh Yogi, and Dr. Sanjeev Gupta. This initiative demonstrates Gurugram University's commitment to supporting its employees, promoting work-life balance, and creating a more inclusive and family-friendly work environment, fostering a sense of community and wellbeing across the campus.



## 'एंटी रैगिंग दिवस' पर विश्वविद्यालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन




अगस्त 12: गुरुग्राम विश्वविद्यालय में एंटी रैगिंग डे के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की प्रारंभ अधिष्ठाता, विधि एवं मानविकी संकाय, प्रो. (डॉ.) राकेश कुमार योगी ने की। प्रोफेसर योगी ने कहा, "रैगिंग एक गंभीर समस्या है जो हमारे शिक्षा प्रणाली को प्रभावित करती है। हमें इस समस्या का समाधान करने के लिए मिलकर काम करना होगा।" इस व्याख्यान में रैगिंग के प्रति जागरुकता और रैगिंग विरोधी उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। छात्रों को रैगिंग के खतरों के बारे में बताया गया और उन्हें रैगिंग विरोधी उपायों के बारे में जानकारी दी गई। विश्वविद्यालय के छात्रों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि रैगिंग के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए हमें मिलकर काम करना होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने रैगिंग विरोधी नीतियों की जानकारी दी और छात्रों को रैगिंग की शिकायतों के लिए समर्थन प्रदान करने का आश्वासन दिया। साथ ही, यह भी बताया गया कि विश्वविद्यालय रैगिंग के आरोपों को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्रवाई करेगा। और रैगिंग में लिप्त विद्यार्थियों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह कार्यक्रम छात्रों में रैगिंग के प्रति जागरूकता फैलाने और रैगिंग विरोधी उपायों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। सभी ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि वे इस समस्या से निपटने में सक्रिय रूप से भाग लेंगे।



# गुरुग्राम विश्वविद्यालय में तीज उत्सव भव्य आयोजन



अगस्त 07 : को गुरुग्राम विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग द्वारा तीज महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। तीज महोत्सव का त्यौहार गुरुग्राम विश्वविद्यालय मे बड़े ही हर्षोउल्लास और उमंग के साथ धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे। कुलपति महोदय ने सभी को तीज महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि "हरियाली तीज हमारी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इस तरह के आयोजन से ही परंपराओं को



संरक्षित किया जा सकता है" । इस मौके पर डॉ. सुभाष कुंडू, डॉ अमरजीत कौर, डॉ कोमल, प्रो. राकेश योगी, प्रो. मीनाक्षी श्योराण समेत विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सावन का महीना और बारिश की हल्की फुहारो के बीच ही पेड़ो पर झूला लगाया गया जिस पर सभी ने एक दूसरे को बारी-बारी झूले पर झूलाया, साथ ही घेवर और सुहाली बाँटकर एक दूसरे को तीज की बधाई दी।

**हरियाली तीज का महत्व:** हरियाली तीज हिंदू धर्म के पौराणिक कथाओं में वर्णित एक मुख्य त्यौहार है। जिसे महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घ आयु और सुखी विवाहित जीवन के लिए किया जाता है। हरियाली तीज की कथा भगवान शिव और माता पार्वती से जुड़ी हुई है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, माता पार्वती के 107 वर्षों की कठोर तपस्या से भगवान शिव प्रसन्न हुए और उन्हें अपनी पत्नी के रुप में स्वीकारा। इन कथाओं के माध्यम से हरियाली तीज का महत्व और माता पार्वती की भक्ति और तपस्या का संदेश दिया जाता है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार हरियाली तीज का उत्सव श्रावण माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। यह व्रत संयम, श्रद्धा, और तपस्या का प्रतीक है माता पार्वती के कठिन तप से प्रेरणा लेकर इस व्रत को निभाने वाली कन्याएं और विवाहित महिलाएं अपने जीवन में सफलता और सुख-शांति की प्राप्ति करती हैं। इस व्रत को करने से जीवन में हमेशा खुशियां बनी रहती हैं और जीवन में आने वाले कष्ट भी दूर होते हैं।

श्रावण माह मे तीनों लोकों के स्वामी भगवान शिव की आराधना महत्वपूर्ण मानी जाती हैं, उदाहरणस्वरूप हम कावडियों की यात्रा को देखते ही हैं। ये महीना पूर्ण रुप से हरियाली को प्रदर्शित करता है चाहे वो भगवान शिव पर अर्पित होने वाले बेलपत्र, धतूरे या हरे वस्त्र, हरी चूड़ियां हों।

वर्तमान में तीज मे कई गतिविधियां कि जाती हैं जिनमें मुख्य रूप से महिलाए अपने पति के लिए व्रत रखती हैं साथ ही शिव-पार्वती पूजा अर्चना, मंदिर परिसर के दर्शन, विशेष भोजन, उपहारों, लोकगीत, सामाजिक समाहरो का आयोजन किया जाता हैं।

इस अवसर पर लोकगीत और लोक नृत्य का महत्वपूर्ण स्थान है जिनमें प्रमुख प्रस्तुत किए जाने वाले लोकगीत कुछ इस प्रकार हैं- "हरियाली तीज आई रे", "शिव पार्वती की जोड़ी", " शिव जी की बारात", आदि।



# ‘*Ek Ped Maa Ke Naam*’
# Massive Tree Plantation Drive at Gurugram University

August 16: In a remarkable effort towards environmental sustainability and encouraging social responsibility among students, Gurugram University organised a large-scale tree plantation drive under the banner of ‘Ek Ped Maa Ke Naam’ at its new campus in Sector 87, Gurugram. The event witnessed enthusiastic participation from all



university departments, including teaching and non-teaching staff, and most importantly, the students, who collectively planted 4,000 saplings. The Vice-Chancellor of Gurugram University, Prof. Dinesh Kumar, inaugurated the event and highlighted the university's commitment to preserving the environment through community-driven initiatives. He emphasised that this initiative is a tribute to both the nurturing role of mothers and the planet, which sustains all life. The event aimed not only to increase greenery around the university but also to instill a sense of environmental responsibility in the students. Students, faculty, and staff from various departments worked together demonstrating the importance of collective efforts in addressing environmental concerns.

The Department of Media Studies took an active part in the plantation drive, with faculty members and students alike rolling up their sleeves and contributing to the cause. Speaking at the event, Dean, Faculty of Law and Humanities Prof. Rakesh Kumar Yogi Prof. Rakesh Kumar Yogi remarked, “It is not just about planting trees; it is about planting the seeds of responsibility and care for our planet. Each tree planted today is a step towards a healthier environment and a greener future.”

The atmosphere on the day was filled with energy and optimism as students eagerly learnt about the different species of trees being planted, their ecological importance, and the long-term benefits they will bring to the environment. The participants were encouraged to take care of the trees they planted and monitor their growth in the years to come.



# एक भारत, श्रेष्ठ भारत की ओर: गुरुग्राम विश्वविद्यालय की भव्य तिरंगा यात्रा

बुधवार, अगस्त 14: गुरुग्राम विश्वविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने ‘भारत माता की जय’ के नारों के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। विश्वविद्यालय के सेक्टर 51 स्थित परिसर निकाली गई यात्रा को माननीय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए मा. कुलपति ने कहा कि “तिरंगा एक भारत, श्रेष्ठ भारत का प्रतीक है। मातृभूमि की आन, बान, शान के लिए अपने जीवन की आहुति देकर देश के लिए परम आदर्श स्थापित करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति नमन की भावना जागृत करने के उद्देश्य से हमने इस तिरंगा यात्रा का आयोजन किया है। “ रैली में छात्रों का जोश और जुनून देखते ही बन रहा था।

देशभक्तिपूर्ण नारों के साथ कदम से कदम मिलाकर हाथों में तिरंगा लहराते चल रहे छात्रों के लंबे काफिले को देखकर राह पर चलने वाले लोगों में भी जोश भर रहा था। इस दौरान सड़कें पूरी तरह से तिरंगामय दिखाई दी । तिरंगा यात्रा गुरुग्राम विश्वविद्यालय परिसर से शुरू होकर तिगरा, समसपुर और निरवाना के मुख्य मार्ग से होते हुए यूनिवर्सिटी परिसर में समाप्त हुई। इस अवसर पर छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रध्वज तिरंगा हमें उन वीरों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। उन्होंने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत का प्रतीक है तिरंगा।



# Gurugram University Celebrates 78th Independence Day with Patriotic Vigour



August 15: Gurugram University celebrated the 78th Independence Day at its new campus in Sector 87, Gurugram. National Organizing Secretary of Vigyan Bharati, Dr. Shiv Kumar graced the occasion as Chief Guest. Hon'ble Vice Chancellor Prof. Dinesh Kumar inaugurated the event and hoisted the national flag and inspected the NCC parade. Celebrating the patriotism through cultural programs instilled a renewed sense of national pride among the students. The campus buzzed with excitement as students and faculty actively participated in various activities that reflected the spirit of patriotism and unity. In his address, Prof. Dinesh Kumar described freedom as the country's greatest heritage. He urged students to recognize the value of this heritage and to take their responsibilities towards the nation seriously. "It is our collective duty to preserve the heritage of this country. this is a time to understand the importance of freedom in our lives" he stated. He also spoke about the significance of participating in nation-building and urged the youth to engage actively in various initiatives that contribute to the development of the country.

Chief Guest, Dr. Shiv Kumar, in his address inspired the students to realize their responsibilities as the citizens. Dr. Shiv Kumar emphasized, "The power to shape India's future lies within each of us. Let us adopt the principle of 'National First, Always First' and work tirelessly towards making India a developed nation by 2047. Progress in science and technology is the key to any nation's success, we must strive for developing India's indigenous science and knowledge. As responsible citizens, we must prioritize our nation's growth and prosperity, and I firmly believe that together, we can achieve greatness."

The celebration was marked by various cultural performances by the students like dances, patriotic songs, and Yoga. Additionally, administrative staff and university academic members participated actively in the event. The energy-filled atmosphere vividly captured the essence of India's rich cultural diversity.

Prof. (Dr.) Rakesh Kumar Yogi, Chairperson, Department of Media Studies, moderated the event by guiding the proceedings. His thoughtful commentary and encouraging remarks added a feeling of patriotism and spirit of freedom.

The event provided students with the motivation to serve their country with the responsibility. It served as a prominent reminder for students about those warriors whose sacrifices secured this freedom. The cultural performances, coupled with powerful speeches, rekindled the spirit of patriotism among the students, urging them to contribute to the nation's progress.

The 78th Independence Day celebration at Gurugram University was not just an event; it was a movement towards creating a sense of responsibility among the youth. As the university community came together to celebrate, it reaffirmed the commitment to nurturing a generation that is not only aware of its rights but also conscious of its duties towards the nation.

The celebrations concluded with a call to action, as Hon'ble VC sir encouraged the students to carry the spirit of independence into their lives and contribute positively to society.



# गुरुग्राम विश्वविद्यालय में एक दिवसीय 'साइबर सुरक्षा कवच' कार्यक्रम का आयोजन

अगस्त 22: आज के डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों एवं इससे अत्यय होने वाले संभावित खतरों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से कुलपति में दिनेश कुमार विवि के इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग और नवभारत के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय में एक दिवसीय "साइबर सुरक्षा कवच" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में रूप में

गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त, विकास अरोड़ा, विशिष्ट अतिथि के रूप में एनबीटी

गुरुग्राम के ब्यूरो प्रमुख वीरेंद्र वर्मा ने भाग लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने छात्रों को डायल 112 और 1930 के बारे में जानकारी देते हुए ऑनलाइन सुरक्षा के बीच तरीके बताए तथा साइबर अपराध से जुड़े खतरों, रुझान एवं समाधान पर विस्तार की प्रकाश डाला। इस मौके पर कार्यक्रम में प्रो. त्यागी, प्रो. धर्मेंद्र कुमार, डॉ अशोक खन्ना, प्रो. (डॉ) राकेश योगी एवं समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।




# कुलपति महोदय ने किया काव्य संग्रह 'सादगी तुम्हारी' पुस्तक का विमोचन



अगस्त 24: गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कवयित्री डॉ. प्रवीण शर्मा के काव्य संग्रह 'सादगी तुम्हारी' का विमोचन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने इस पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि "यह पुस्तक डॉ. प्रवीण शर्मा की काव्य संग्रह के प्रति उनके जुनून का प्रमाण है"। उन्होंने बताया कि "इस काव्य संग्रह में ऐसी कई कविताएं हैं जो नई पीढ़ी को राष्ट्र जागरण के लिए प्रेरित करने वाली हैं। इसलिए हम सभी को इस काव्य संग्रह का पठन करना चाहिए"। कवयित्री डॉ. प्रवीण शर्मा ने पुस्तक के बारे में जानकारी देते बताया कि काव्य संग्रह 'सादगी तुम्हारी' में श्रृंगार, हास्य, वीर एवं भक्ति रस से ओत-प्रोत कविताओं का समावेश किया गया है। जो भाव प्रधान होने के साथ-साथ नई पीढ़ी को सीख देने वाली हैं। कविता हमारी सभ्यता संस्कृति का आधार और प्रतिरूप होती है और समाज के लिए ये कविताएं प्रेरणा देने वाली हैं। इस मौके पर उपस्थित अन्य कवयित्री ने अपनी प्रेरणादायी कविताओं के माध्यम से कार्यक्रम को और रोचक बना दिया।




# Motivational Sessional Hosted by Faculty of Humanities

In Gurugram University One day interactive motivational session was organized by the Faculty of Law & Humanities under the guidance of Vice Chancellor Prof. Dinesh Kumar. Speaker prof. Swati Pal (Professor in college of Delhi University) gave an encouraging motivational speech to students with examples. She captivated the audience with her dynamic presentation. Drawing on her extensive experience in academia, Prof. Pal shared personal anecdotes and real-world examples that resonated deeply with the students. She emphasized the importance of resilience, hard work, and a positive mindset in overcoming challenges.

Prof. Swati Pal encouraged students to embrace failures as stepping stones to success, highlighting that perseverance is key in both academic and professional pursuits. Her interactive approach invited students to share their own experiences and engage in a dialogue that enriched the session.

This motivational session, spearheaded by the Faculty

# Gurugram University Celebrates National Sports Day with Badminton Competition




August 29: Gurugram University marked the National Sports Day with a thrilling badminton competition, paying tribute to the legendary hockey player, Major Dhyan Chand. The event was organized by the university's sports department under the guidance of Vice Chancellor Prof. Dinesh Kumar.The competition saw enthusiastic participation from students across various departments. The badminton tournament was a fantastic opportunity for students to demonstrate their skills, build sportsman spirit, and celebrate the importance of sports in their lives.Major Dhyan Chand, widely known as the "Hockey Wizard," was born on August 29, 1905, and is revered for his outstanding contributions to Indian hockey. The National Sports Day is celebrated annually on his birthday to honor his legacy and promote awareness abou t the significance of sports and physical fitness.The success of the event was a tribute to Major Dhyan Chand's enduring legacy and a reflection of the university's dedication to nurturing the sporting talents of its students. In addition to the badminton competition, the university also emphasized the values of discipline, perseverance, and teamwork, which are essential for achieving success in sports and life.The National Sports Day celebration at Gurugram University served as a platform to promote these values and encourage students to strive for excellence in their chosen sports. The event also featured inspiring speeches by faculty members, who highlighted the role of sports in fostering a healthy lifestyle and building character. Participants expressed their gratitude for the opportunity to engage in such events, which not only boosted their confidence but also reinforced the importance of balancing academics with extracurricular activities. The day concluded with a felicitation ceremony, where winners were awarded trophies and certificates, further motivating students to actively participate in future sports events and uphold the spirit of sportsmanship. The university's commitment to promoting sports as a vital part of education was evident throughout the event, making it a memorable and impactful celebration.

# मा. कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की वोट डालने की अपील

मतदान हमारा कर्तव्य है 5 वर्षों के पश्चात 5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय हित में मतदान करने का समय आ गया है। मैं यूनिवर्सिटी के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ ही समाज के सभी वर्गों के साथ ही से अनुरोध करता हूं की वह अधिक से अधिक मतदान के लिए आगे आए और लोकतंत्र को जीवंत बनाएं। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यह हम सभी की बड़ी अहम जिम्मेदारी हैं की वोट हम देकर लोकतंत्र की प्रक्रिया का हिस्सा बनें और मतदान में योगदान से क्षेत्र प्रदेश और देश के विकास की दिशा तय करें। आइए इस बार सभी शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प करें।

# One-Week Orientation Programme Organised by the Department of Management



